


एक्टर्स से क्यों मिलते हैं प्रधानमंत्री?

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 239 ■ सोमवार, 16 दिसंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# हिललाईन पुलिस क्षेत्र में गोमांस बरामद




- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पर्दाफाश किया
- कार चालक पर मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** बदलापुर से मुंबई की ओर जा रही कार से गोमांस तस्करी करने वाले कार चालक को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रंगे हाथों पकड़कर पुलिस को सौंप दिया, इस कार से 1000 किलो से ज्यादा गोमांस बरामद हुआ, अब हिललाइन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है, बजरंग दल कार्यकर्ताओं को गोमांस के बिक्री की सूचना मिली है कि बदलापुर से नेवाली हाइवे के रास्ते मुंबई ले जाया जा रहा है, प्राप्त जानकारी के आधार पर मनोज गौड़ और उनके कार्यकर्ताओं ने नेवाली में कार की जांच की तो उसमें गोमांस पाया गया। इस मामले में हिललाइन पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया। कार चालक ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बताया कि बदलापुर शहर से उक्त गोमांस काटकर मुंबई की ओर बेचा जा रहा है.

# 58 अवैध इमारतों पर चलेगा बुलडोजर

- डोंबिवली में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई
- बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने का निर्देश







**कल्याण.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका को शहर में बनी 65 अवैध इमारतों को गिराने का आदेश दिया है। महानगरपालिका ने इनमें से सात अवैध इमारतों को पहले ही ध्वस्त कर दिया है। सहायक आयुक्त ने महावितरण और मनपा जलापूर्ति विभाग को पत्र भेजकर शेष 58 अवैध इमारतों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई करने से पहले इन इमारतों की बिजली और पानी की आपूर्ति बंद करने को कहा है।

58 अवैध इमारतों में लोग रह रहे हैं। इन इमारतों में 1,500 से अधिक परिवार रहते हैं। हाईकोर्ट ने इन इमारतों को खाली कराने की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी है। मनपा प्रशासन के सामने अगले तीन महीने के भीतर इन 58 अवैध इमारतों को ध्वस्त करने की चुनौती है। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इन भवनों का ध्वस्तीकरण समय पर पूरा हो। अतिरिक्त आयुक्त योगेश गोडसे और अतिक्रमण नियंत्रण उपायुक्त अवधूत तावड़े के स्तर पर योजना बनाई जा रही है। महानगरपालिका वार्ड स्तर से एच, सी, ई, आई, जे वार्डों में सहायक आयुक्त ने अपने क्षेत्राधिकार में महारेरा मामले में अवैध इमारतों के डेवलपर्स को अगले दस दिनों के भीतर इमारतें खाली करने के लिए नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

सहायक आयुक्त ने 58 अवैध इमारतों के डेवलपर्स को सूचित किया है कि यदि अवैध निर्माण करने वाले डेवलपर स्वयं इमारत खाली नहीं करते हैं, तो अदालत के अनुसार इमारत में रहने वाले लोगों को बेदखल करने और इमारत खाली करने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया जाएगा। आदेश देना। इन नोटिसों के कारण डेवलपर्स और निवासियों के बीच विवाद पैदा हो गया है। 58 अवैध इमारतों की बिजली और पानी की आपूर्ति बंद होने के बाद इन इमारतों में रहने वाले लोगों की सेवाएं बंद हो जाएंगी।

इन अवैध इमारतों को खाली कराकर महानगर पालिका को सौंपे जाने के बाद महानगर पालिका इन इमारतों को ध्वस्त करने का काम शुरू करेगी। भवनों को खाली कराने की कार्रवाई के लिए मनपा उपायुक्त स्तर से पुलिस के साथ पत्राचार किया जा रहा है। वार्ड सहायक आयुक्त ने स्थानीय महावितरण इंजीनियरों को पत्र भेजकर मांग की है कि उनके वार्ड में महारेरा मामले में अवैध इमारतों की बिजली आपूर्ति काट दी जाए। मनपा के जल आपूर्ति विभाग को संबंधित भवनों की जलापूर्ति बंद करने के लिए सूचित कर दिया गया है।

# उल्हासनगर निर्वाचन क्षेत्र के कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र



**उल्हासनगर.** लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाले नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को उल्हासनगर रिटर्निंग अधिकारी एवं उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सिंधु भवन, उल्हासनगर में आयोजित कार्यक्रम का परिचय उल्हासनगर तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी कल्याणी कदम ने दिया।

कार्यक्रम के अंत में 141 उल्हासनगर चुनाव निर्णय अधिकारी तथा उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया में किसी भी बाधा के बिना चुनाव कार्य को सही ढंग से करने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन उल्हासनगर महानगरपालिका के विकलांग कल्याण विभाग के प्रमुख राजेश

# RPI का आज उल्हासनगर बंद का आह्वान

- आरपीआई के दो गुटों में विरोधाभास
- व्यापारियों में असमंजस





भालेवार का समर्थन से इंकार

**उल्हासनगरः** उल्हासनगर. परभणी में संविधान की प्रस्तावना के साथ छेड़छाड़ की घटना ने पूरे राज्य में हलचल मचा दी है और परभणी में दलित युवाओं ने इस घटना के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस ने विरोध प्रदर्शन को दबा दिया और प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, पुलिस की पिटाई में भीम आर्मी के एक सिपाही सूर्यवंशी की मौत हो गई। इसके विरोध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने 16 दिसंबर को महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया है। इसके साथ ही उल्हासनगर बंद किया जाएगा। यह घोषणा आरपीआई जिला अध्यक्ष नानासाहेब बागुल ने की।

आर.पी.आई. (ए) के जिला अध्यक्ष नाना बागुल ने संविधान के अपमान पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा, कि संविधान की प्रस्तावना के साथ छेड़छाड़ केवल एक तत्व पर नहीं, बल्कि देश के पूरे संविधान पर हमला है। इसका विरोध करना हर भारतीय का कर्तव्य है। उल्हासनगर के व्यापारियों, रिक्शा संघों और नागरिकों को इसका विरोध करना चाहिए।

दूसरी ओर, आर.पी.आई. (ए) अंबेडकर समूह के जिला अध्यक्ष भगवान भालेराव ने बंद का समर्थन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा, यह बंद उल्हासनगर के व्यापारी वर्ग, रिक्शाचालकों और हाथ पर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए आर्थिक रूप से कठिन हो सकता है। इसलिए हम संविधान का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से घटना का विरोध करते हैं, लेकिन हम बंद में भाग नहीं लेंगे। भालेराव ने अपने कार्यकर्ताओं को बंद में भाग न लेने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, कानून और व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम संविधान के अपमान के खिलाफ हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि व्यापारियों को नुकसान न पहुंचे। आरपीआई के दो गुटों के परस्पर विरोधी रुख के कारण उल्हासनगर के व्यापारियों में असमंजस का माहौल है। कुछ व्यापारियों और रिक्शा संघों ने बंद का समर्थन किया है, जबकि अन्य ने अपना कारोबार जारी रखने का निर्णय लिया है। कुछ व्यापारियों ने नाना बागुल के आह्वान पर बंद रखने की तैयारी दिखाई है, जबकि दूसरी ओर भगवान भालेराव के रुख के कारण कुछ ने अपना कारोबार जारी रखने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है। बंद के दौरान शहर में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ा दी गई है। पुलिस ने चेतावनी दी है, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

### 1 बजे तक दुकानें बंद रखें -दीपक छतलानी



महाराष्ट्र के परभणी में जो सविंधान के प्रति दुर्घटना हुई हैं उस घटना का निषेध करते हुए जिस तरह आज सोमवार के दिन महाराष्ट्र बंद का ऐलान हुआ हैं ऐसे में उल्हासनगर के RPI(A) व्यापारी संगठना उल्हासनगर शॉपकीपर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष दीपक छतलानी से सहयोग मांगा जिस सहमति जताते हुए श्री छतलानी ने व्यापारियों से अपील की है कि आज दोपहर 1 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखने और महाराष्ट्र बंद में

# 28 मृतक कर्मचारियों के परिवारों को पेंशन

- आयुक्त विकास ढाकणे की पहल

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार की अंशदायी पेंशन योजना (डीसीपीएस) के तहत उल्हासनगर महानगरपालिका के 2005 के बाद सेवा के दौरान मरने वाले 28 कर्मचारियों के परिवारों के लिए पारिवारिक पेंशन लागू की गई है।

आयुक्त विकास ढाकने ने इसके लिए पहल की है और मुख्य लेखाकार किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, सामान्य प्रशासन के उपायुक्त डॉ. विजय खेडकर, लेखा अधिकारी संजय वैदंडे, विलास नागदिवे और दीपक धनगर ने दस्तावेज पूरे किए हैं।

पहले इस योजना के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं था। उस समय महाराष्ट्र सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण से विचार करते हुए 2005 के बाद सेवा में शामिल हुए और सेवा के दौरान ही मर गए लोगों के परिवारों के लिए पारिवारिक पेंशन लागू करने का फैसला किया।

सरकारी आदेश प्राप्त होते ही आयुक्त विकास ढकने ने लेखा कार्यालय को तत्काल इस आदेश का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। तदनुसार मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा परीक्षक शरद देशमुख, सामान्य प्रशासन उपायुक्त डॉ. विजय खेडकर, लेखा अधिकारी संजय वैदंडे, विलास नागदीवे, दीपक धनगर ने दस्तावेजों का सत्यापन किया।

जानकारी के अनुसार 2005 के बाद मनपा में शामिल हुए कुल 28 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवारों को उनकी मृत्यु के समय उनके मासिक मूल वेतन के आधार पर पारिवारिक पेंशन मिलेगी।

# पुलिस की गिरफ्त में 2 बांग्लादेशी



**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने बाबला कंपाउंड से अजगर जहूर शेख (35) और नासिर अब्दुल अजीज बुद्दु खुल्लू (26) नामक 2 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. दोनों बांग्लादेश के जयपुर जिले के निवासी हैं. पिछले कुछ समय से नवी बस्ती के एक चाल में रह रहे थे.पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फर्जी आईडी बनाकर भारतीय नागरिकता हासिल करने की कोशिश रहे थे. उनके पास से फर्जी दस्तावेज और 3,020 रुपये मूल्य का अन्य सामान बरामद किया गया है.

# गंगोत्री फाउंडेशन द्वारा समाजसेवा की बेहतरीन पहल

## संस्था द्वारा युवाओं को दी जा रही सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग




**उल्हासनगर.** शहर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था जो पिछले कई वर्षों से शहर में समाजसेवा का कार्य कर रही है अब उन्होंने समाज सेवा के लिए एक और बेहतरीन पहल की है। जिसमें युवाओं को नागरिक सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस ट्रेनिंग दी जाएगी। यह शिविर की शुरुआत हो चुकी है जो 19 दिसंबर तक चलेगा। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष भारत राजवानी गंगोत्री का 19 दिसंबर को जन्मदिन भी है। ऐसे में यह शिविर युवाओं को भविष्य में फौज, पुलिस, फायर फाईटर आदि क्षेत्रों के लिए भी मददगार साबित होगा। सिविल डिफेंस के 62वें स्थापना दिवस पर उल्हासनगर-5 स्थित भारत गंगोत्री कार्यालय में गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन व सिविल डिफेंस उल्हासनगर ईस्ट द्वारा यह जानकारी दी गई कि स्थापना सप्ताह के लिए और युवाओं के प्रोत्साहन हेतु एक बेसिक ट्रेनिंग कोर्स का आयोजन किया गया है जो 19 दिसंबर तक चलेगा जिसमें युवाओं को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी और आपात स्थिति का मुकाबला कैसे किया जाएगा उसके लिए यह दल भी बनाया जाएगा जो नागरिक सुरक्षा का कार्य करेगा। गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन से सोनिया धामी ने कहा कि इस शिविर का लाभ युवाओं को लेना चाहिए ताकि भविष्य में वो इस सिविल डिफेंस में अपना करियर भी बना सके। गंगोत्री फाउंडेशन पहले से ही शहर में आरोग्य कैम्प जैसे ब्लड डोनेशन कैंप, मेडिकल क्लिनिक के साथ कोरोना काल के दौरान जो सेवा की है वो जगजाहिर है। उन्हें तहसीलदार द्वारा कोरोना काल में सेवा के लिए विशेष अवार्ड भी दिया गया था। इन सामाजिक सेवाओं के बाद अब युवाओं के लिए इस ट्रेनिंग शिविर को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

### अंबरनाथ में ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम के बाद

# 3 महिलाओं की सोने की चेन चोरी

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ब्रह्मकुमारी की ओर से आयोजित आध्यात्मिक वक्ता बी. के. शिवानी के कार्यक्रम के बाद आर्डनेंस इस्टेट के बाहर आते समय भीड़ का फायदा उठाते हुए दो महिलाओं ने प्रवचन सुनने आई हुई 3 महिलाओं के गले से सोने की चेन चुरा ली, जिसकी कीमत 1 लाख रुपए से ज्यादा की है. वह हाथ की सफाई से चोरी कर ली है.

घाटकोपर पूर्व निवासी स्वाति सुभाष वराडकर (70) ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 14 दिसंबर शनिवार को वह बी. के. शिवानी का प्रवचन सुनने मुंबई से अंबरनाथ आई थी. कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कार्यक्रम स्थल से बाहर आते समय गर्दी का फायदा उठाते हुए 2 महिलाओं ने उनके पैर में मोच आ गई है, ऐसा बहाना करके उसके ढाई तोले की सोने की माली जिसकी कीमत 1 लाख रुपए है, हाथ की सफाई से चोरी कर लिया. साथ ही कार्यक्रम में आई हुई तारामती काबरा और आशा राजोली के गले से भी सोने की माला-चेन चोरी कर ली गई है. ऐसा शिकायत में कहा गया है. सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच में ये घटना हुई है. स्वाति ने दोनों चोर महिलाओं की आयु 30 से 35 और 50 से 55 के बीच बताकर दोनों का हुलिया पुलिस को बताया है. मामले की जांच पुलिस उप निरीक्षक कालदाते कर रहे हैं.

# मालेगांव के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

### अंबरनाथ में आल महाराष्ट्र उर्दू तकरीरी मुकाबले संपन्न

यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में शनिवार को आल महाराष्ट्र उर्दू तकरीरी (भाषण) मुकाबले को अभूतपूर्व सफलता मिली है. इस मुकाबले में महाराष्ट्र के कई शहरों से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इस मुकाबले का नेशनल उर्दू हाईस्कूल के अफजाल अंसारी ने प्रबंध किया था. उसकी प्रशंसा मुख्य अतिथियों ने करते हुए कहा कि वह ऐसे कई मुकाबलों में गए हैं, लेकिन यहां का प्रबंध और लोगों की मोहब्बत से वह बहुत प्रभावित हुई है. इस मुकाबले में शहर के अलावा कल्याण, भिवंडी, नवी मुंबई, मुंबई, येवला, नाशिक, मालेगांव से 57 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. मालेगांव उर्दू स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी. सीनियर ग्रुप में प्रथम मोमिन ए. वकील, दूसरे नंबर पर जोगेश्वरी के पटेल साद शोएब और तीसरे स्थान पर मुकरम्मा मुस्तफा रहे. जूनियर ग्रुप में प्रथम मोमिन एजाज अहमद, भिवंडी, दूसरे पर मुसाब अकील शेख, मालेगांव और तीसरा पारितोषिक जारा फातिमा इस्माइल मालेगांव रही.

मुख्य अतिथि अशफाक करीम शेख, बीएम से एजूकेशन विभाग एवं एजूकेशनल अपलिफ्त सो. के अध्यक्ष मोहसिन मीरसिंग थे. मो. रफीक मलकापुरी सज्जाद अख्तर अंसारी और आपदाभ सिद्दीकी प्रतियोगिता के जज रहे. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के प्रिंसीपल अफशा मैडम, शिक्षक, स्टाफ, अंसारी परिवार एव मुश्ताक सईद ने परिश्रम किया. पूर्व उप नगराध्यक्ष राजेश वालेकर, पूर्व नगरसेवकों, मुस्लिम प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रही. सफल कार्यक्रम के आयोजन पर पत्रकार कमर काजी, यूसुफ शेख ने आयोजक अफजाल अंसारी का पुष्पगुच्छ शॉल देकर बधाई दी. ये कार्यक्रम स्कूल के पूर्व संचालक हाजी मो. आरिफ अंसारी की याद में रखा गया था.

# उल्हासनगर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बने आयरन मैन

## 42 किमी की दौड़, 4 किमी की समुद्री तैराकी और 180 किमी की साइकिलिंग 14 घंटे में पूरी की

- आस्ट्रेलिया में 56 वर्ष की आयु में खिताब जीता



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु ताम्हाणे ने 14 घंटे की मेहनत के बाद पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में आयोजित आयरन मैन प्रतियोगिता में सफलता हासिल की है। 56 वर्ष की आयु में, ताम्हणे को ठाणे पुलिस आयुक्तालय की ओर से बधाई मिल रही है, क्योंकि उन्होंने 14 घंटे के भीतर 42 किलोमीटर की दौड़, चार किलोमीटर की समुद्री तैराकी और 180 किलोमीटर की साइकिलिंग पूरी की.

आयरन मैन प्रतियोगिता 1 दिसंबर को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बुसेलटन में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में विश्व भर से 1,700 प्रतियोगियों ने भाग लिया। इनमें से 1,100 प्रतियोगियों ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता पूरी की। इसमें पुणे से लगभग 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु नाथा तम्हाणे, जो पहले पुणे में कार्यरत थे और वर्तमान में ठाणे आयुक्तालय के उल्हासनगर में कार्यरत हैं, ने 56 वर्ष की आयु में इसमें भाग लिया।

विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होते ही अगले दिन आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गए। जहां प्रतियोगिता के पहले तीन दिनों में वहां के वातावरण के अनुकूल ढलने के लिए अच्छा अभ्यास किया। आयरन मैन प्रतियोगिता में लगातार 17 घंटों में 4 किमी तैराकी, 180 किमी साइकिल चलाना और 42.2 किमी दौड़ पूरी करनी होती है। ऐसा करने से प्रतियोगी की मानसिक और शारीरिक क्षमताओं का परीक्षण होता है। विष्णु तम्हाणे फलटण के निवासी हैं।

विष्णु तम्हाणे को तैराकी प्रशिक्षण के लिए संजीव वालावलकर, दौड़ और साइकिल चलाने के प्रशिक्षण के लिए चैतन्य वेल्हाल तथा शक्ति प्रशिक्षण के लिए विजय गायकवाड़ द्वारा मार्गदर्शन दिया गया है। तम्हाणे ने कहा कि उनके परिवार, वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस बल के सहकर्मियों ने भी बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। विष्णु तम्हाणे के साथ उनके 18 वर्षीय बेटे गौरांग तम्हाणे ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। हालांकि, प्रतियोगिता के दौरान गर्मी, हवा और बारिश के कारण उनके बेटे गौरांग को प्रतियोगिता बीच में ही छोड़नी पड़ी। हालांकि, विष्णु तम्हाणे ने कहा कि वह एक बार फिर तैयारी करेंगे और अपने बेटे को आयरन मैन और अपनी पत्नी को आयरन वूमन बनाएंगे। विष्णु तम्हाणे ने कहा कि इस प्रतियोगिता को पूरा करना अकेले मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि मेरे साथी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, मेरे प्रशिक्षकों और मेरे परिवार का सामूहिक प्रयास है।



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## विदेश में पढ़ाई

यह अच्छा है कि सरकार उन कारणों का पता लगाने जा रही है, जिनके चलते बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जा रहे हैं। ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय इस नतीजे पर पहुंच रहा है कि विदेश में पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या के चलते प्रतिभा पलायन के साथ ही देश का पैसा विदेशी मुद्रा के रूप में बाहर जा रहा है। चूंकि यह पैसा बहुत अधिक है, इसलिए विदेश में पढ़ाई करने के कारणों का पता लगाने के साथ ही उनका निवारण करना भी आवश्यक है। भारतीय छात्र एक लंबे समय से पढ़ाई के लिए विदेश जा रहे हैं। एक समय ऐसे छात्रों के विदेश में पढ़ाई करने के बाद वहीं नौकरी करने के सिलसिले को प्रतिभा पलायन की संज्ञा दी जाती थी। बाद में यह माना जाने लगा कि इस प्रतिभा पलायन से भारत को कुल मिलाकर लाभ ही होता है, क्योंकि ऐसे छात्र विदेश में नौकरी कर भारी मात्रा में जो धन स्वदेश भेजते हैं, उससे विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ता है। अब यह पाया जा रहा है कि विदेश में पढ़ाई में खर्च होने वाले धन और वहां नौकरी करने वाले भारतीय छात्रों की ओर से भेजी जाने वाली राशि का अंतर कम होता जा रहा है। यह इसलिए कम हो रहा है, क्योंकि विदेश जाकर पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही है। आमतौर पर भारतीय छात्र दो कारणों से विदेश जाकर पढ़ाई करना पसंद करते हैं। एक कारण तो यह है कि वे विदेश में ही बसना चाहते हैं। दूसरा कारण यह है कि उन्हें देश के अच्छे शिक्षा संस्थानों में मनचाहे विषयों की पढ़ाई का अवसर नहीं उपलब्ध हो पाता। कम से कम इस समस्या का निदान तो प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। यह ठीक है कि हाल के वर्षों में निजी क्षेत्र में उच्च शिक्षा के तमाम केंद्र खुले हैं, लेकिन यह देखने में आ रहा है कि उनमें पढ़ाई का खर्च तो अधिक है, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर संतोषजनक नहीं। कई छात्र और अभिभावक यह पाते हैं कि इन शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई के खर्च के मुकाबले विदेश में पढ़ाई का खर्च कम है। सरकार को यह देखना चाहिए कि भारतीय छात्रों के सामने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव में विदेश पढ़ाई करने जाने की जो मजबूरी है, वह दूर हो। यह समझ आता है कि हमारे छात्र अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय देशों के अच्छे शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई करने जाएं, लेकिन इसका कोई औचित्य नहीं कि उन्हें फिलीपींस, कजाखस्तान, यूक्रेन आदि देशों की ओर रुख करना पड़े और वह भी एमबीए, एमबीबीएस की डिग्री लेने के लिए।

# उपराष्ट्रपति के खिलाफ प्रस्ताव : विपक्ष ने जाहिर कर दिए इरादे

यह आश्चर्यजनक है कि विपक्षी दलों ने राज्यसभा सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर अपने इरादे जाहिर कर दिए हैं। इसके बाद सत्तापक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम हो गया है। यह तय है कि अविश्वास प्रस्ताव की इस पहल से सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की कटुता अपने चरम पर पहुंचेगी। यह देश के संसदीय इतिहास में पहली बार है, जब विपक्ष राज्यसभा सभापति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहा है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष अथवा राज्यसभा सभापति को लेकर मनमुटाव पहले भी देखने को मिला है, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि विपक्ष ने राज्यसभा सभापति को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल की हो। लोकसभा हो या राज्यसभा, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच वाद-विवाद के क्रम में कई बार विपक्ष को पीठासीन अधिकारी के रवैये पर आपत्ति रहती है। इसके बावजूद दोनों पक्षों के संबंध इतने कटु शायद ही कभी रहे हों, जैसे आज दिख रहे हैं।

संसद के दोनों सदन उन्हीं नियम-कानूनों के हिसाब से चलते हैं, जो सत्तापक्ष और विपक्ष ने मिलकर बनाए हैं। आमतौर पर संसद की कार्यवाही चलाने की जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है और उसमें लोकसभा अध्यक्ष एवं राज्यसभा सभापति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों ही सदनों में सदस्यों को पीठासीन अधिकारी के निर्देशों का पालन करना होता है। इन निर्देशों के पालन के अभाव में कोई भी सदन नहीं चल सकता। नियम-कानूनों के पालन के अभाव में संसद सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई होती रही है और उन्हें निलंबित एवं निष्कासित भी किया जाता रहा है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इससे अच्छी तरह परिचित हैं कि उन्हें न तो राज्यसभा में बहुमत प्राप्त है और न ही लोकसभा में। इसके बाद भी वे राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने जा रहे हैं। यदि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने फैसले पर अड़ा रहता है तो सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की कलह और बढ़ेगी। इसके नतीजे में संसद में काम कम और हंगामा अधिक होगा।



विपक्ष यह जानते हुए भी राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहा है कि उसके पारित होने के कोई आसार नहीं। अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने की सूरत तब बनेगी, जब राज्यसभा के साथ लोकसभा भी उसका अनुमोदन कर दे। दोनों सदनों में बहुमत के अभाव में अविश्वास प्रस्ताव का औंधे मुंह गिरना तय है। प्रश्न यह है कि यह जानते हुए भी विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव क्यों ला रहा है? लगता है उसका इरादा सभापति को नीचा दिखाना और यह प्रचारित करना है कि उनके चलते उसे राज्यसभा में अपनी बात कहने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। विपक्ष सभापति को पहले भी नीचा दिखा चुका है। पिछले साल सदन के बाहर तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद सभापति की मिमिक्री कर रहे थे। इसका वीडियो खुद राहुल गांधी बना रहे थे। विपक्षी दलों ने सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल कर उन पर जैसे आरोप लगाए हैं, उनसे वह खबरों में तो आ गए हैं, लेकिन आम जनता का इन खबरों से शायद ही कोई सरोकार हो। जनता यह देख रही है कि संसद में उसके मतलब के मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। इसके चलते कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। अविश्वास प्रस्ताव का नाकाम होना तय है। इस नाकामी के बाद सभापति और विपक्ष के रिश्ते और अधिक तल्ख हो सकते हैं। क्या विपक्षी दल तल्खी बढ़ाने के लिए ही अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं?

यह कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ही बता सकते हैं कि राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने से उन्हें क्या हासिल होने वाला है, लेकिन ऐसा लगता है कि विपक्षी दलों ने यह ठान लिया है कि किसी न किसी बहाने राज्यसभा को सही तरह नहीं चलने देना है। उसके इस इरादे के पीछे मोदी सरकार की ओर से राष्ट्रीय महत्व के कुछ विधेयकों पर अड़ंगा लगाना भी हो सकता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि संसद के इसी सत्र में एक साथ चुनाव कराए जाने संबंधी विधेयक पेश हो सकता है।





जितना अधिक हम ध्यानाभ्यास करेंगे, उतने ही अधिक शांत भाव के साथ हम दैनिक चुनौतियों का सामना कर पाएँगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# इजरायल-हमास युद्ध में मारे जा चुके हैं 42 हजार लोग



इजराइल और हमास के बीच युद्ध की शुरूआत हुए एक वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं। हमास के हमले के जवाब के नाम पर शुरू हुए इजराइली आक्रमण अब भी जारी हैं और उसके खत्म होने का कोई सिरा फिलहाल नहीं दिख रहा है। यह स्थिति तब भी कायम है जब दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध को तुरंत खत्म करने की मांग कर रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को भी संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसके तहत गाजा में तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने की मांग की गई है। साथ ही हमास और फिलिस्तीनी गुटों की हिरासत में रखे गए बंधकों की रिहाई के लिए भी कदम उठाने को कहा गया है।

एक अन्य प्रस्ताव में इजराइल से फिलिस्तानी शरणार्थियों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र एजंसी पर से प्रतिबंध हटाने की भी मांग की गई है। युद्ध विराम के प्रस्ताव के समर्थन में एक सौ अट्ठावन मत पड़े, जबकि विरोध में केवल नौ मत। जाहिर है, कुछ देशों को छोड़ कर दुनिया के ज्यादातर देश युद्ध के विरुद्ध हैं और ऐसी स्थिति में इजराइल को भी इस पर विचार करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्तूबर की शुरूआत में इजराइली सीमा के भीतर हमास के हमले में करीब बारह सौ लोगों के मारे जाने के बाद उसके जवाब में इजराइल ने गाजा पर हमला किया था, जिसमें तब से अब तक बयालीस हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इजराइल की दलील अब भी यही है कि वह हमास के आतंकियों का सफाया कर देगा। सवाल है कि जितने लोगों की जान अब तक जा चुकी है, उनमें से कितने वास्तव में हमास या उससे जुड़े आतंकी थे!

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि मारे जाने वालों में गिनती के कुछ को छोड़ दिया जाए तो आमतौर पर सभी गाजा में रहने वाले आम लोग थे, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं था। अपने लिए इंसाफ की इच्छा करते और दलील देते हुए इजराइल ने जिस तरह गाजा पर हमले के क्रम में अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख कर अस्पतालों और शरण-स्थलों तक को नहीं बख्शा, महिलाओं से लेकर छोटे मासूम बच्चों तक तक मारे गए, उससे यही लग रहा है कि अब इजराइल एकतरफा युद्ध कर रहा है। उसे दुनिया के तमाम देशों सहित संयुक्त राष्ट्र तक की ओर से युद्ध खत्म करने की औपचारिक रूप से की गई मांग पर भी विचार करना जरूरी नहीं लगता।

दुनिया में लोकतंत्र के सभी पैरोकार बिना किसी सवाल के यह मानते हैं कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं हो सकता। मगर इसके समांतर से दो या इससे ज्यादा देशों के बीच किसी ऐसे मसले पर युद्ध की शुरूआत हो जाती है जिसे बातचीत के जरिए सुलझाया जा सकता था। इसके बाद होता यही है कि युद्ध में शामिल देशों में होने वाले हमलों में आमतौर पर ऐसे लोग मारे जाते हैं, जिनका युद्ध से कोई लेना-देना नहीं होता। इसमें बच्चों और महिलाओं तक को नहीं छोड़ा जाता। विचित्र यह है कि इस तरह के टकराव में शामिल पक्ष आमतौर पर अपने पक्ष को न्याय और शांति का पैरोकार बताते हैं, जबकि अगर वे खुद युद्ध में शामिल एक पक्ष होते हैं तो उनके हमले में हजारों निर्दोष लोग मारे जाते हैं। गाजा में अब तक जितनी बड़ी तबाही हो चुकी है, वह मानवीयता के खिलाफ एक बड़ी त्रासदी है। इस लिहाज से संयुक्त राष्ट्र में जिस तरह तत्काल युद्ध विराम के समर्थन में दुनिया के ज्यादातर देशों ने मतदान किया, उसके मद्देनजर इजराइल को अब अपने अहं को छोड़ने की जरूरत है।

# क्या कोई खास 'रंग' देखकर दौड़ा लेते हैं कुत्ते?

**जरा हट के**

आपने भी देखा होगा कि सड़क पर जब कोई कुत्ता रास्ते चलते हमला कर देता है तो इंसान इतना घबरा जाता है कि उसे समझ ही नहीं आता कि ये क्या हो रहा है. आखिर कुत्ते को अचानक गुस्सा क्यों आता है और वो इस तरह से आक्रामक क्यों हो जाता है. इंसानों के लिए बेहद फैमिलियर पेट्स के इस गुस्से के पीछे कई कारण हो सकते हैं. कुत्ते आमतौर पर लोगों या अन्य जानवरों पर तभी हमला करते हैं जब वे गुस्से में होते हैं. कुछ लोगों को लगता है कि कुत्ते कुछ खास रंगों को देखकर गुस्से में आ जाते हैं. क्या वाकई ऐसा होता है?

हमने भी बचपन से ये सुना है कि डॉग के सामने अगर कोई लाल रंग या काला रंग पहनकर जाए, तो वे इस रंग को देखकर गुस्से में आ जाते हैं. हालांकि इसके पीछे का रहस्य कोई नहीं जानता. हालांकि इससे जुड़ी हुई स्टडीज़ कुछ ऐसा बताती हैं, जो आपको हैरान कर देगी.



शोध से पता चलता है कि जब कुत्ते लोगों या अन्य जानवरों को देखते हैं और उन्हें वो अपने लिए नुकसानदेह लगता है तो उनका क्रोधित होना सामान्य बात है. पर रंगों को लेकर गुस्सा होना बिल्कुल अलग चीज़ है. आइए जानते हैं इसके बारे में पूरी जानकारी.

कुत्ते की रंगों को देखने की क्षमता को लेकर कई रिसर्च हुई हैं. इनमें से लाइव लाइंस की रिपोर्ट बताती हैं कि डॉग्स बहुत ज्यादा रंग नहीं देख सकते. उनकी आंखें उसी तरह काम करती हैं, जैसे एक कलर ब्लाइंड इंसान की. सीधे तौर पर देखें तो उन्हें ग्रे कलर के शेड्स ज्यादा दिखते हैं.

फिर उन दावों का क्या, जिनमें कहा जाता है कि लाल रंग देखकर डॉग गुस्सा करते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि कुत्ते लाल और हरा रंग देख ही नहीं सकते. उनके ब्रेन के न्यूरॉन्स इन रंगों को देखकर कोई सिग्नल नहीं देते. इसके अलावा डॉग्स वो चीज़ें देख सकते हैं, जो इंसान नहीं देख सकते. डॉग्स की आंखें इस तरह डिज़ाइन होती हैं कि वो अंधेरे में भी देख सकते हैं. वहीं उन्हें अल्ट्रावायलट लाइट के रंग दिखाई देते हैं. हम इंसान इस स्पेक्ट्रम को नहीं देख सकते लेकिन डॉग्स देख सकते हैं.

# ये आदतें बिगाड़ देंगी आपकी मेंटल हेल्थ

**मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वयस्कों-बुजुर्गों में मेंटल हेल्थ की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सामाजिक कलंक के डर के कारण लोग अपनी परेशानियों को लेकर डॉक्टर से मिलने नहीं जाते जिससे समय पर बीमारी का निदान और उपचार नहीं हो पाता है।**

### ■ तुरंत कर लें इनमें सुधार वरना होगा पछतावा

मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर महसूस करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो हमारी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। सभी लोगों को इस बारे में जानना और बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।

### ■ मेंटल हेल्थ की समस्या

हम क्या खाते हैं, दिनचर्या कैसे है, कब सोते-जागते हैं, इन सभी का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अनियमित और अपर्याप्त नींद से लेकर नकारात्मक सोच, आहार में गड़बड़ी ये सभी आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती है। इन आदतों को पहचानना और इन्हें बदलने की कोशिश करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सही दिनचर्या और सकारात्मक आदतों को अपनाकर आप अपनी मानसिक स्थिति को ठीक रख सकते हैं।



### ■ सोशल मीडिया और रील्स खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

यानी सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना या रील्स स्क्रॉल करते रहना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।

### ■ सोच को रखें सकारात्मक

नकारात्मक सोच और आत्म-आलोचना का आपकी मेंटल हेल्थ पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है। बार-बार नकारात्मक विचार करना या खुद को दोषी ठहराना आत्मसम्मान को कम करता है। यह आदत चिंता और अवसाद को बढ़ावा देती है। ₹मैं अच्छा नहीं हूं₹ या ₹मैं यह नहीं कर सकता₹ जैसे विचारों से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अच्छे विचारों का आदान-प्रदान करें।



### ■ अनियमित और अपर्याप्त नींद नुकसानदायक

नींद की कमी भी हमारे मस्तिष्क के कार्यों को धीमा कर देती है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन की संभावना बढ़ जाती है। नींद की कमी से याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। सोने और उठने का एक नियमित समय तय करें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत माहौल बनाएं।

# लहसुन, हरी मिर्च और अदरक का चटपटा अचार

**अचार भले ही खाने में साइड् के तौर पर सर्व किया जाता है, लेकिन ये खाने के स्वाद को काफी हद तक बढ़ा सकता है। सर्दी के मौसम में कई तरह के अचार तैयार किए जाते हैं। ठंडी हवाएं गर्मा-गरम पराठा और इसके साछ एक बेहतरीन अचार या चटनी खाने का अलग ही मजा है। वैसे तो हर तरह का अचार बाजार में आसानी से मिल जाता है लेकिन घर में बने फ्रेश अचार का स्वाद अलग ही होता है। घर के बने चटपटे और तीखे अचार का स्वाद खाने के टेस्ट को दोगुना बढ़ा सकता है। यहां हम सर्दी में बनने वाले अदरक, लहसुन और हरी मिर्च का अचार बनाने का तरीका बता रहे हैं। इस तरह का अचार आपने शायद ही पहले कभी खाया होगा। ये पराठे के साथ तो खूब अच्छा लगता है लेकिन इसे आप दाल-चावल के साथ भी सर्व कर सकते हैं।**

खाना-खजाना

**सामग्री :**

- एक कप हरी मिर्च
- एक कप अदरक
- एक कप लहसुन
- स्वाद अनुसार नमक
- एक बड़ा चम्मच विनेगर
- एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- एक चम्मच हल्दी पाउडर
- एक चम्मच जीरा
- एक चम्मच सरसों के बीज
- एक चम्मच मेथी दाना
- एक चम्मच राई



**विधि :**

इस अचार को बनाने के लिए राई, जीरा, मेथी दाना और सरसों के बीज को ड्राई रोस्ट करें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसका पाउडर बना लें। अब हरी मिर्च को अच्छे से धोएं और फिर इसे काट कर दरदरा पीस लें। इसे अलग रखें और अब अदरक और लहसुन की कलियों को भी दरदरा पीस लें। अब पीसी हुई हरी मिर्च, अदरक और लहसुन को एक बर्तन में निकालें फिर इसमें सभी मसाले और विनेगर मिलाएं। अच्छे से मिक्स करें। चटपटा अचार तैयार है। इसे कंटेनर में स्टोर करें। और पराठे, दाल चावल के साथ इसका आनंद लें।

# पीली-काली गंदी बाथरूम की टाइल्स चमक उठेंगी...

### ■ घर में मौजूद इन चीजों से करें साफ, लगेंगे नयी जैसी

बाथरूम की टाइल्स को साफ करना किसी जंग जैसा है. घंटों की मेहनत के बाद भी टाइल्स पर लगी गंदगी साफ होने का नाम नहीं लेती. ऐसे में लोकल 18 ने बात की घरेलू कामकाज करने वाली मारिया फरहत से. उन्होंने बाथरूम की सफाई के लिए कुछ खास और असरदार नुस्खे साझा किए हैं.

वह बताती हैं कि बाथरूम को साफ और स्वच्छ रखना न केवल परिवार के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि घर की खूबसूरती को भी बनाए रखता है. महंगे क्लीनर की जगह आप कुछ आसान घरेलू उपाय अपनाकर अपने बाथरूम की टाइल्स को चमका सकते हैं.



### बेकिंग सोडा से गंदी टाइल्स कैसे साफ करें?

मारिया फरहत बताती हैं कि बेकिंग सोडा टाइल्स की जिद्दी गंदगी हटाने का सबसे आसान उपाय है. इसे इस्तेमाल करने के लिए एक कटोरी में बेकिंग सोडा लें. फिर गीले स्पंज की मदद से इसे टाइल्स पर लगाकर हल्के हाथ से रगड़ें. इसके बाद गर्म पानी से धो लें. वह कहती हैं,'यह न केवल गंदगी हटाता है, बल्कि टाइल्स को नई चमक भी देता है.'

### सिरका भी हटा देगा सारी गंदगी

टाइल्स की सफाई के लिए सिरका एक बेहतरीन विकल्प है. मारिया के अनुसार एक स्प्रे बोतल में सिरका और पानी बराबर मात्रा में मिलाकर टाइल्स पर छिड़कें. इसे 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर ब्रश की मदद से साफ करें. यह ह घोल टाइल्स की गहराई तक जमी गंदगी को हटाने में मदद करता है.

### नमक से भी टाइल्स हो जाती हैं नयी जैसी

टाइल्स को चमकाने के लिए नमक एक आसान और किफायती तरीका है. एक साफ कपड़े पर नमक छिड़कने और टाइल्स को रगड़ें. इसे रातभर के लिए छोड़ दें और अगली सुबह पानी से धो लें. यह उपाय गंदगी हटाने के साथ-साथ टाइल्स की चमक बढ़ाता है.

नींबू के रस का एसिडिक नेचर बाथरूम की टाइल्स पर जमे बैक्टीरिया और दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है. मारिया बताती हैं कि आप बेकिंग सोडा और नींबू का रस मिलाकर टाइल्स पर लगाएं. इसे कुछ देर के लिए छोड़ें और फिर साफ पानी से धो लें.

# ठंड में खाएं ये 5 चीजें तेजी से घटेगा वजन

### ■ छूमंतर हो जाएगी लटकती तोंद

ठंड का मौसम कई तरह से लोगों के लिए लाभकारी है. इस मौसम में खाने पीने की ऐसी-ऐसी चीजें मिलती हैं जो न सिर्फ स्वादिष्ट होती है, बल्कि वजन कम करने में भी मदद करती हैं.



इस बारे में आयुर्वेद डॉ. पूनम राय ने कहा कि ठंड में खाने के लिए ऐसे चीजें उपलब्ध हैं जिनमें कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं. वजन कम करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए. इसमें मेथी, पालक और बथुआ साग शामिल है.

डॉ. राय ने कहा कि ब्रोकली को आयुर्वेद में बहुत गुणकारी माना जाता है. ब्रोकली में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिससे बेली फैट कम होता है. इसे आप उबाल कर, सूप में और सलाद के रूप में भी खा सकते हैं.



आमतौर पर लोगों को लगता है शकरकंद मीठा है, इसकी वजह से वजन बढ़ सकता है. लेकिन ऐसा नहीं है. इसमें फाइबर अधिक मात्रा में होता है. इससे पाचन ठीक होता है. इसके साथ ही लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता है.

चुकंदर का जूस के रूप में और सलाद के रूप सेवन कर सकते हैं. इसमें हीमोग्लोबिन बहुत ही अधिक होता है. ऐसे में इसे पीने से खून की कमी नहीं होती है. इसके साथ ही इसमें कैलरी कम होती है जिससे मोटापा नहीं बढ़ता है.



लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : आज माता को पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**वृषभ** : व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। हस्तक्षेप न करें।

**मिथुन** : घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**तुला** : दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा।

**मकर** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मीन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### संभल हिंसा के लिए पड़ोसी जिलों के मदरसों से बुलाए गए थे छात्र, 93 अब भी फरार

**संभल.** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में मदरसा के छात्रों को बुलाया गया था। इसे लेकर पुलिस को कई पत्र मिले हैं। पुलिस इन पत्रों की जांच में जुट गई है। वहीं, हिंसा में शामिल 93 उपद्रवियों पर इनाम घोषित करने की भी पुलिस तैयारी कर रही है। पुलिस ने वीडियो से निकाले गए फुटेज के बाद इन लोगों को हिंसा में आरोपी बनाया था। इन लोगों की तस्वीरें भी जारी की गई थीं। शाही जामा मस्जिद के दोबारा सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा में आसपास के जिलों से मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को भी बुलाया गया था। रामपुर, बुलंदशहर और हापुड़ जिलों से पुलिस को मिले पत्रों में इसका उल्लेख किया गया है। वहीं बवाल के 93 आरोपियों पर इनाम घोषित किया जाएगा। पुलिस की टीमें 400 उपद्रवियों के फोटो जारी कर चुकी है। हिंसा मामले में अभी तक 12 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं, जिसमें से सात प्राथमिकी पुलिस की ओर से दर्ज कराई गई हैं।

### डीजे पर डांस को लेकर घरातियों और बारातियों के बीच जमकर मारपीट

**पीलीभीत.** पीलीभीत में एक शादी समारोह के दौरान तब भगदड़ मच गई। जब डीजे पर डांस को लेकर घरातियों और बारातियों के बीच मारपीट हो गई। दोनों तरफ से लाठी-डंडे के बाद बेल्ट और कुर्सियां चलाई गईं। उधर माहौल गरम देख दूल्हा मौके स फरार हो हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शात कराया। फिर दूल्हे को ढूंढकर लाया गया और शादी की रस्म फिर से शुरू कराई गई। पुलिस अभिरक्षा में वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई और सात फेरे लिए। मारपीट में कई लोग गंभी ररूप से चोटिल भी हुए हैं। नगर में हाईवे पर स्थित एक बारातघर में शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव से बारात आई। ब्लॉक से सटे गांव की लड़की से शादी तय थी। सुबह से ही तैयारियां चल रहीं थी। बारात पहुंची तो बारातियों का खूब स्वागत सत्कार किया गया। नाश्ते के बाद घुड़चढ़ी की रस्म हुईं। बाराती खूब नाचे और दूल्हे को लेकर सभी वरमाल के लिए नाचते गाते बारातघर में पहुंच गए। वरमाल से पहले ही डीजे पर डांस को लेकर बाराती और घराती अचानक भिड़ गए। जिसके हाथ जो लगा उसी की एक-दूसरे से कुटाई शुरू कर दी। लाठी-डंडे, बेल्ट और कुर्सियां भी चलाईं। उधर माहौल ज्यादा गरम देख दूल्हा मौके से खिसकने में ही भलाई समझी और स्टेज से फरार हो गया।

### दुकानदार सब्जियों पर गुटका थूकते नजर आया, पुलिस ने दबोचा

**बागपत.** यूपी के बागपत के बाद अब बुलंदशहर से थूक जिहाद का मामला सामने आया है। जहां एक दुकानदार ने सब्जियों पर थूक रहा था। उसकी इस हरकत को किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उधर, वीडियो की जानकारी होने पर रविवार को पुलिस ने आरोपी सब्जी विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मामले की जांच में जुट गई।

ये मामला अनूपशहर थाना क्षेत्र का है। शुक्रवार क सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सब्जी मंडी में एक विक्रेता द्वारा सब्जियों के ऊपर थूकता दिख रहा था। वीडियो प्रसारित होने के बाद अनूपशहर नगर के पुलिस प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने वायरल वीडियो की जांच कर संबंधित धाराओं में नई बस्ती के रहने वाले आरोपी शमीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तार कर लिया।

# आज पेश नहीं होगा 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

- लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटाया गया
- शीतकालीन सत्र का 20 दिसंबर को आखिरी दिन



**नई दिल्ली.** 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल लोकसभा में सोमवार, यानी 16 दिसंबर को पेश नहीं किया जाएगा। इससे जुड़े दोनों बिल को लोकसभा की रिवाइज्ड लिस्ट से हटा दिया गया है। इससे पहले 13 दिसंबर के कैलेंडर में कहा गया था कि सोमवार को बिल लोकसभा में रखा जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, अब फाइनेंशियल बिजनेस के पूरा होने के बाद बिल सदन में पेश किया जाएगा। हालांकि, सरकार बिल को आखिरी समय में भी लोकसभा स्पीकर की परमिशन के बाद सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के जरिए सदन में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 12 दिसंबर को बिल की मंजूरी दी थी।

लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर चर्चा हुई थी। अब तक प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राजनाथ सिंह इस पर बोल चुके हैं। 16 और 17 दिसंबर को अब राज्यसभा में संविधान पर चर्चा होगी। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 20 दिसंबर को खत्म होगा।

#### रामनाथ कोविंद ने 14 मार्च को रिपोर्ट सौंपी थी

एक देश-एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने करीब 191 दिनों में 14 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी।

# केजरीवाल नई दिल्ली, आतिशी कालकाजी से चुनाव लड़ेंगी

- सभी 70 सीटों पर AAP कैंडिडेट घोषित
- 26 विधायकों के टिकट काटे, 4 की सीट बदली



**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (AAP) की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। CM आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे।

AAP ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है।

इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है। 2020 में राघव चड्ढा राजेंद्रनगर से विधायक बने थे। 2022 में उनके राज्यसभा जाने के बाद से यह सीट खाली है।

**AI इंजीनियर सुसाइड केस-**

# पत्नी गुरुग्राम से गिरफ्तार

- सास, पत्नी का भाई प्रयागराज से अरेस्ट
- 6 दिन पहले बेंगलुरु में सुसाइड किया था



**नई दिल्ली.** AI इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस में शनिवार को पत्नी निकिता, सास निशा और पत्नी के भाई अनुराग को गिरफ्तार कर लिया गया। बेंगलुरु पुलिस ने यह कार्रवाई की।

DCP शिवाकुमार ने कहा- सास और साले को प्रयागराज से, जबकि पत्नी को गुरुग्राम से गिरफ्तार करके बेंगलुरु लाया गया। रविवार सुबह कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

अतुल ने 9 दिसंबर को बेंगलुरु के फ्लैट में सुसाइड कर लिया था। आत्महत्या से पहले उसने 1.20 घंटे का वीडियो बनाया। इसमें पत्नी निकिता और उनकी फैमिली पर हैरेसमेंट का आरोप लगाया था। बेंगलुरु में पत्नी निकिता, सास निशा, साले अनुराग और चाचा ससुर सुशील सिंघानिया पर FIR दर्ज की गई थी।

# बंगाल के मंत्री बोले- हम बहुसंख्यक बनेंगे

**न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी; बीजेपी बोली- ये शरिया कानून की तरफ इशारा**

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के मंत्री फिरहाद हकीम के एक बयान पर विवाद हो गया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फिरहाद ने कहा कि आज मुस्लिम भले ही अल्पसंख्यक हों, लेकिन समय आएगा जब हम भी बहुसंख्यक होंगे। हमें न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी।

फिरहाद के इस बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय ने हकीम के बयान की आलोचना की। मालवीय ने कहा- हकीम का यह बयान शरिया कानून के समर्थन की तरफ इशारा कर रहा है। फिरहाद हकीम 13 दिसंबर को कोलकाता में अल्पसंख्यक छात्रों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे।



#### नगर निगम मामलों और शहरी विकास मंत्री हकीम ने कहा-

पश्चिम बंगाल में हम 33 प्रतिशत हैं और पूरे देश में हम 17 प्रतिशत हैं। हम संख्यात्मक रूप से अल्पसंख्यक हो सकते हैं, लेकिन अल्लाह की रहमत से हम इतने सशक्त हो सकते हैं कि हमें न्याय के लिए मोमबत्ती जलाने की जरूरत नहीं होगी। हम ऐसी स्थिति में होंगे, जहां हमारी आवाजें अपने आप सुनी जाएंगी और न्याय के लिए हमारी पुकार सुनी जाएगी।

#### बीजेपी सांसद बोले- ये भाषण बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने जैसा

केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि TMC नेता फिरहाद हकीम खुलेआम सांप्रदायिक नफरत भड़काने और एक खतरनाक एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। यह सिर्फ नफरत फैलाने वाला भाषण नहीं है। यह भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने जैसा है। इंडी अलायंस चुप क्यों है? मैं उन्हें इस पर अपनी राय व्यक्त करने की चुनौती देता हूं। हमारा देश अपनी एकता और अखंडता के लिए इस तरह के खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

कार्यक्रम में फिरहाद ने न्यायपालिका में मुसलमानों के कम प्रतिनिधित्व पर भी अपनी बात रखी। कलकत्ता हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनिंदा मुस्लिम जस्टिस की ओर इशारा करते हुए हकीम ने सुझाव दिया कि सशक्तिकरण और कड़ी मेहनत से इस अंतर को पाटा जा सकता है। हकीम ने कहा- हम मानते हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य राष्ट्र की प्रगति को सुविधाजनक बनाने के लिए अन्य समुदायों के साथ मिलकर काम करते हैं।

# किसान आंदोलन पर PM मोदी की शाह-शिवराज के साथ मीटिंग

- 20 दिन से आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल की हालत गंभीर
- केंद्रीय अफसर मिलने पहुंचे



**नई दिल्ली.** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने मीटिंग की है। यह मीटिंग शनिवार को हुई, इसमें प्रधानमंत्री मोदी को किसान आंदोलन की जानकारी दी गई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल थे।

केंद्र ने 20 दिन से आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल से मुलाकात के लिए रविवार को केंद्रीय गृह निदेशक मयंक मिश्रा को भेजा है। पंजाब के DGP गौरव यादव मिश्रा को लेकर खनौरी बॉर्डर पहुंचे। मीटिंग के बाद मिश्रा ने कहा कि उन्होंने किसानों की मांगों के बारे में जानकारी ली है। उन्होंने केंद्र की तरफ से वार्ता के प्रस्ताव से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल की डॉक्टरी मदद के आदेश दिए थे।

#### किसानों को बड़ी घोषणा का इंतजार

किसान आंदोलन को लेकर PM मोदी के एक्टिव होने के बाद माना जा रहा है कि केंद्र की तरफ से किसानों की मांगों को लेकर कोई बड़ी घोषणा की जा सकती है। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि डल्लेवाल की जान कीमती है। हम सबके साथ कोऑर्डिनेट कर बातचीत को आगे बढ़ाने का माहौल बना रहे हैं। मेरे साथ केंद्रीय गृह निदेशक भी आए हैं। वह किसानों की मांगों को केंद्र को भेजेंगे। पंजाब सरकार ने भी किसानों की मांगों को आगे बढ़ाने के लिए कहा है।

#### डल्लेवाल का अनशन खत्म करने से इनकार

डल्लेवाल ने आमरण अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया है। शनिवार को खनौरी बॉर्डर पर बिस्तर पर लेटे-लेटे ही डल्लेवाल ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से खुदकुशी कर रहे किसानों की जिंदगी मेरे जीवन से ज्यादा कीमती है।

### पश्चिम यूपी में बने अस्थायी राजधानी

**अमरोहा.** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने योगी सरकार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अस्थायी राजधानी स्थापित करने की मांग की है। भाकियू संयुक्त मोर्चा पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक में तर्क दिया गया कि जब उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में दो राजधानी हैं, तो घनी आबादी वाले राज्य यूपी में दो राजधानी क्यों नहीं हो सकती। मोर्चा ने सरकार से मांग की कि भारत रत्न चौधरी चरणसिंह जयंती पर पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी शहर को मुख्यमंत्री जनता दर्शन व अस्थाई राजधानी स्थापित करने की घोषणा की जाए। बैठक में यह भी मांग की गई कि चौधरी चरणसिंह जयंती के अवसर पर गांवों को आत्मनर्भिर बनाने जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ आदर्श स्मार्ट विलेज बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार पहल करने की घोषणा की जाए।

# 'मोदी के भाषण ने बोर किया, कुछ नया नहीं'





**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान पर चर्चा की। अपने भाषण में उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। शाम को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम के भाषण को बोरिंग बताया।

प्रियंका ने कहा, 'पीएम ने कुछ भी नया या रचनात्मक नहीं कहा। उन्होंने मुझे बोर कर दिया। दशकों बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं स्कूल के मैथ्स के डबल पीरियड में बैठी हूं।'

प्रियंका बोलीं- नड्डा जी हाथ मल रहे थे, पीएम ने उनको देखा तो वे ऐसी एक्टिंग करने लगे कि वे सुन रहे हैं, अमित शाह जी अपना सिर छू रहे थे। पीछे बैठे पीयूष गोयल जी ऐसे लग रहे थे कि वे सोने वाले हैं। गांधी ने कहा कि मुझे लगा कि पीएम कुछ नया बोलेंगे, लेकिन उन्होंने 11 खोखले वादों के बारे में बात की। अगर उनमें भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है, तो उन्हें कम से कम अडाणी पर बहस करनी चाहिए।

#### NDA के सांसदों ने भाषण पर कही ये बातें...

- भाजपा सांसद रवि किशन ने पीएम के भाषण को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा- विपक्ष को सीखना चाहिए कि भाषण कैसे दिया जाता है। प्रधानमंत्री की शालीनता आज चर्चा का विषय है। उनके भाषण ने महिलाओं, युवाओं, आदिवासी समुदायों और गरीबों को एक कड़ा संदेश दिया, जो उनकी कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होते हैं।
- JDU सांसद केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा- प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को आइना दिखाया और बताया कि किस तरह से उन्होंने अपने शासन के दौरान संविधान को कमजोर किया। कांग्रेस ने संविधान को कलंकित किया है और प्रधानमंत्री ने इसका पूरी तरह से पर्दाफाश किया है।

# शमी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल टीम में



- सुदीप घरामी टीम के कप्तान
- 21 दिसंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। वहीं, शमी के बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (BGT) के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

विजय हजारे ट्रॉफी की शुरुआत 21 दिसंबर से होगी। सुदीप कुमार घरामी बंगाल टीम कप्तानी करेंगे। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी कप्तानी की थी। बंगाल अपने अभियान की शुरुआत 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ करेगी।

#### शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 मैच में 11 विकेट लिए

शमी पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप क दौरान चोटिल हो गए थे, उसके करीब एक साल के बाद रणजी ट्रॉफी के जरिए मैदान पर वापसी की थी। उन्होंने वापसी के दौरान मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। इस मैच के बाद यहां उम्मीद थी कि शमी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी ऑस्ट्रेलिया बुलाया जा सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 9 मैच में 11 विकेट लिए थे।

#### विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम

सुदीप कुमार घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप चटर्जी, करण लाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेटकीपर), सुमंत गुप्ता, सुभम चटर्जी, रणजोत सिंह खैरा, प्रदीप्ता प्रमाणिक, कौशिक मैती, विकास सिंह (सीनियर), मुकेश कुमार, सक्षम चौधरी, रोहित कुमार, एमडी कैफ, सूरज सिंधु जयसवाल, सायन घोष और कनिष्क सेठ।

# गांधी परिवार ने मेरा करियर बर्बाद किया -मणिशंकर अय्यर

- 10 साल में सोनिया-राहुल से एक बार मिला
- प्रणब मुखर्जी PM होते तो 2014 नहीं हारते



**नई दिल्ली.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने खुलासा किया कि पिछले 10 साल में उन्हें सोनिया गांधी से सिर्फ एक बार मिलने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने ही मेरा पॉलिटिकल करियर बनाया है और बर्बाद भी किया है। लेकिन वह कभी भाजपा में शामिल नहीं होंगे।

न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने दो किस्से बताए- एक बार राहुल गांधी को शुभकामनाएं भिजवाने के लिए उन्हें प्रियंका गांधी को फोन करना पड़ा था। साथ ही एक बार उन्होंने सोनिया गांधी को मेरी क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं तो मैडम ने कहा- 'मैं क्रिश्चियन नहीं हूं'।

मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब में बताया कि 2024 के चुनाव में उन्हें राहुल गांधी ने टिकट नहीं दी और राहुल ने कहा था- हरगिज मणिशंकर अय्यर को टिकट नहीं देंगे क्योंकि वो बहुत बुढ्ढे हो गए हैं। अय्यर तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से तीन बार लोकसभा चुनाव जीते चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं।

#### अय्यर बोले- प्रणब मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो चुनाव बुरी तरह नहीं हारते

अय्यर ने बताया कि प्रणब मुखर्जी को उम्मीद थी कि उन्हें देश का प्रधानमंत्री और मनमोहन सिंह को राष्ट्रपति बनाया जाएगा। यदि मुखर्जी प्रधानमंत्री होते तो कांग्रेस 2014 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह नहीं हारती। उन्होंने कहा कि 2012 से ही कांग्रेस की स्थिति खराब थी। सोनिया गांधी बहुत बीमार पड़ गईं और मनमोहन सिंह को 6 बार बाईपास कराना पड़ा था, जिससे चुनाव में पार्टी अध्यक्ष और प्रधानमंत्री एक्टिव नहीं थे। ऐसी स्थिति प्रणब मुखर्जी बखूबी संभाल सकते थे।

2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार पूर्ण बहुमत हासिल किया था। इस चुनाव में भाजपा को 282 सीटों पर जीत मिली थी और कांग्रेस सिर्फ 44 सीटों पर सिमट गई थी।

# ...जब सांसदों के बीच हुआ क्रिकेट मैच

- अनुराग ठाकुर ने ठोक दिया धमाकेदार शतक
- दीपेंद्र हुड्डा का भी दिखा जलवा

**नई दिल्ली.** टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सांसदों के बीच खेले गए दोस्ताना क्रिकेट मैच में लोकसभा अध्यक्ष एकादश ने राज्यसभा अध्यक्ष एकादश को 73 रनों से हरा दिया। लोकसभा XI की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए कप्तान अनुराग ठाकुर ने शतकीय पारी खेली। इसके अलावा, लोकसभा XI के गेंदबाज दीपेंद्र हुड्डा का भी जलवा दिखा और उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए। इसके लिए उन्हें बेस्ट बॉलर ऑफ मैच का अवॉर्ड दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष XI ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 251 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में राज्यसभा XI 178 रन ही बना सकी।

राज्यसभा XI की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद अजहरुद्दीन ने सबसे ज्यादा 74 रनों की पारी खेली। उन्हें कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आउट किया। उनके अलावा, कप्तान किरेण रिजिजू सिर्फ एक ही रन बना सके। एन डांगी ने 28 रन बनाए, जबकि के सुधाकर ने 27 रनों की पारी खेली। टीम राज्यसभा XI टारगेट को हासिल नहीं कर सकी और निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेटों पर 178 रन ही बना सकी। इस तरह से लोकसभा XI टीम ने 73 रनों से यह मैच जीत लिया। लोकसभा XI के बॉलर निशिकांत दुबे ने भी बॉलिंग की और दो विकेट चटकाए।



लोकसभा XI ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए, जिसके जवाब में राज्यसभा XI की टीम 178 रन ही बना सकी। लोकसभा XI की ओर से मनोज तिवारी ने छह गेंदों में 13 रन बनाए। दीपेंद्र हुड्डा ने छह रन बनाए, चंद्रखेशर आजाद ने 54 रनों की पारी खेली। अनुराग ठाकुर 65 गेंदों में 111 रन पर नाबाद रहे। वहीं, राज्यसभा XI की ओर से किरेण रिजिजू ने चार ओवरों में 57 रन देते हुए एक विकेट झटका। सौमित्र खान ने दो ओवरों में 20 रन देकर एक विकेट लिया। रवि किशन ने एक ओवर में 17 रन देते हुए एक भी विकेट नहीं लिया। कमलेश पासवान ने तीन ओवरों में 26 रन देते हुए तीन विकेट झटके। इसके अलावा, राघव चड्ढा ने भी एक ओवर बॉलिंग की, लेकिन एक भी विकेट नहीं मिल सका।

# साली ने संबंध बनाने से किया इनकार तो जीजा ने मार डाला

- कूड़े के ढेर में मिला कटा हुआ सिर

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुई है। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला था। 24 घंटे के भीतर ही महिला के जीजा को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जीजा की पहचान अतीउर रहमान लस्कर के रूप में हुई है। उसने इसलिए महिला की हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में उसके पैतृक गांव बसुलडांगा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि लस्कर नामक एक मजदूर ने कथित तौर पर उस महिला की हत्या करने की बात कबूल की है जो पिछले दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। डीसीपी (दक्षिण उपनगरीय) बिदिशा कलिता ने कहा कि महिला का कटा हुआ सिर शुक्रवार को ग्राहम रोड के पास कूड़े के ढेर में मिला था और उसके धड़ और शरीर का निचला हिस्सा शनिवार को रीजेंट पार्क इलाके में एक तालाब के पास मिला था।

महिला रीजेंट पार्क में एक घर में काम करती थी। वह टॉलीगंज में काम करने वाले लस्कर के साथ हर दिन काम पर जाती थी। डीसीपी ने बताया कि उसका जीजा उसके साथ संबंध बनाना चाहता था, लेकिन उसने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस उपेक्षा से लस्कर नाराज हो गया। एक सप्ताह पहले उसने ने जीजा से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह और भी नाराज हो गया। उसने उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया।

# मणिपुर में बिहार के 2 मजदूरों की गोली मारकर हत्या

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़की है। काकचिंग में शमिवार शाम को उग्रवादियों ने 2 मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी है। दोनों मजदूर बिहार के गोपालगंज के रहने वाले थे।

पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5.20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर केराक में पंचायत कार्यालय के पास दोनों काम करके साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उन्हें गोली मार दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मजदूरों की पहचान राजवाही गांव के रहने वाले सुनालाल कुमार (18) और दशरथ कुमार (17) के रूप में हुई है। उधर, मणिपुर के ही थौबल में एक उग्रवादी गुट की पुलिस से मुठभेड़ हुई। इसमें एक उग्रवादी की मौत हो गई।

## संक्षेप...

### देह व्यापार का पर्दाफाश, 3 लोगों पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** तलोजा एमआईडीसी के तहत आने वाले धानसर टोल नाका के पास होटल और लॉज में चल रहे देह व्यापार के धंधे पर पुलिस ने कार्रवाई की, इस संबंध में तलोजा पुलिस स्टेशन में 3 लोगों 3 के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनका नाम तमन्ना श्रीखंडे गौड़ा, कुमार कृष्ण गौड़ा, रंजीत रमेश सांसाकेत हैं. यह कार्रवाई नवी मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल द्वारा की गई.

नवी मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल सूचना मिली कि धानसर टोल नाका के पास होटल विशाल और रोमी लॉजिंग एंड बोर्डिंग का प्रबंधक ग्राहकों को वेश्या के रूप में युवा लड़कियों और महिलाओं को पेश करके उनसे वेश्यावृत्ति करा रहा है.

इस सूचना के आधार पर पुलिस ने उक्त दोनों स्थानों पर नकली ग्राहक भेजे, जिसके पास से मैनेजर ने 3 हजार 700 रुपए लिए और मालिक ने 700 रुपए कमरे का किराया लिया, जिसके बाद पुलिस की टीम ने उक्त दोनों स्थानों पर छापा मारा, इसी दौरान एक कमरे में 4 महिलाएं मिलीं, जिन्हें पुलिस ने मुक्त कराया.

# 39 विधायकों ने ली मंत्रिपद की शपथ

- महाराष्ट्र में 33 कैबिनेट, 6 राज्य मंत्रियों की शपथ
- फडणवीस सरकार में 2 डिप्टी CM समेत 42 मंत्री,
- 1 मुस्लिम, 4 महिलाएं; 1 सीट खाली





**नागपुर.** महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार पूरा हो चुका है। रविवार शाम को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान 39 विधायकों ने मंत्रिपद की शपथ ली। शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले, नितेश राणे और पंकजा मुंडे समेत भाजपा के दिग्गज नेताओं ने शपथ ली। शिवसेना की तरफ से गुलाबराव पाटिल, भारत गोगवले, संजय शिरसाट ने शपथ ली। एनसीपी की तरफ से छगन भुजबल और हसन मुश्रिफ समेत कई दिग्गजों को मंत्री बनाया गया है। भाजपा की तरफ से 18, एनसीपी की तरफ से 8 और शिवसेना की तरफ से 13 को मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार से पहले नाराजगी की खबरें भी सामने आईं। शिवसेना नेता नरेंद्र भोंडिकर ने मंत्री पद न मिलने से विधानसभा उपनेता पद से इस्तीफा दे दिया।

देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रिपद शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो चुका है। शपथ लेने वालों में चंद्रशेखर बावनकुले -बीजेपी, राधाकृष्ण पाटिल- बीजेपी, हसन मुश्रीफ- एनसीपी, चंद्रकांत पाटिल- बीजेपी, गिरीश महाजन- बीजेपी, गुलाबराव पाटिल- शिवसेना, गणेश नाइक-शिवसेना, दादा भुसे- शिवसेना, संजय राठौड़- शिवसेना, धनंजय मुंडे- एनसीपी, मंगल प्रभात लोढ़ा- बीजेपी, उदय सामंत- शिवसेना, जयकुमार रावल- बीजेपी, पंकजा मुंडे- बीजेपी, अतुल सावे- बीजेपी और अशोक उइके- बीजेपी ने शपथ ली।

### BJP के 18, शिवसेना से 13 और और NCP से 8 मंत्री

इसके अलावा शंभूराज देसाई- शिवसेना, आशीष शेलार- बीजेपी, दत्तात्रय भरणे- शिवसेना, अदिति तटकरे- एनसीपी, शिवेंद्र राजे- बीजेपी, माणिकराव कोकाटे- एनसीपी, जयकुमार गोरे- बीजेपी, नरहरि झिरवाल- एनसीपी, संजय सावकारे- बीजेपी, संजय शिरसाट- शिवसेना, प्रताप सरनाइक- शिवसेना, भरत गोगावले- शिवसेना, मकरंद जाधव-पाटिल- एनसीपी और नितेश राणे- बीजेपी ने मंत्रिपद की शपथ ली। वहीं, आकाश फुंडकर बीजेपी, बाबासाहेब पाटिल-एनसीपी, प्रकाश अबितकर-शिवसेना, माधुरी मिसाल-बीजेपी, आशीष जयसवाल-शिवसेना, पंकज भोयर-बीजेपी, मेघना बोर्डिकर- बीजेपी, इंद्रनील नाइक-एनसीपी और योगेश कदम-शिवसेना ने शपथ ली।

### मंत्रियों का ढाई साल कार्यकाल!

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिल रही है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मेंमंत्री पद की शपथ लेने वाले विधायकों का कार्यकाल सिर्फ ढाई साल का होगा। शिवसेना और एनसीपी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कई मंत्रियों से बाकायदा एफिडेविट भी लिखाया गया है। इसके पीछे की मंशा यह है कि ढाई साल के बाद और विधायकों को मंत्री पद का मौका मिलेगा। इसमें ढाई साल के भीतर कार्यकुशलता और विकास परियोजनाओं को भी परखा जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि कई ऐसे विधायक हैं, जो दो से तीन बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए ढाई साल का फॉर्मूला रखा जा सकता है।

### इन विधायकों ने ली मंत्रिपद की शपथ

1. चंद्रशेखर बावनकुले
2. राधाकृष्ण विखे-पाटिल
3. हसन मुश्रीफ
4. चंद्रकांत पाटिल
5. गिरीश महाजन
6. गुलाबराव पाटिल
7. गणेश नाइक
8. दादा भूसे
9. संजय राठौड़
10. धनंजय मुंडे
11। सुप्रभात लोढ़ा
12. उदय सामंत
13. जयकुमार रावल
14. पंकजा मुंडे
15. अतुल सेव
16. अशोक उइके
17. शंभूराज देसाई
18. आशीष शेलार
19. दत्तात्रेय की प्रार्थना
20. अदिति तटकरे
21. शिवेन्द्रसिंहराजे भोसले
22. मणिकराव कोकाटे
23. जयकुमार गोरे
24. नरहरि झील
25. संजय सावकारे
26. संजय शिरसाट
27. प्रताप सरनाईक
28. भारत गोगावले
29. मकरंद पाटिल
30. नितेश राणे
31. आकाश फुंडकर
32. बाबासाहेब पाटिल
33. प्रकाश अबितकर
34. माधुरी मिसाल
35. आशीष जायसवाल
36. पंकज भोयर
37. मेघना बोर्डिकर
38. इंद्रनील नाइक
39. योगेश कदम

### विधानसभा चुनाव में कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी को सम्मानित किया

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव में सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने कुशल नेतृत्व किया इसको लेकर अधिकारी व कर्मचारियों को जिला नियोजन भवन में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जायभाये, उपजिलाधिकारी व चुनाव अधिकारी वैशाली माने, निवासी उपजिलाधिकारीडॉ. संदीप माने, उपजिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) हरिश्चंद्र पाटील, उपजिलाधिकारी रोहयो मल्लिकार्जून माने, जिला पुरवठा अधिकारी विकास गजरे, उपजिलाधिकारी (पुनर्वसन) सर्जेराव म्हस्के पाटील, जिला नियोजन अधिकारी वैभव कुलकर्णी, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र भांबरे आदि उपस्थित थे।जिलाधिकारी शिनगारे ने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता में शिकायत मिलने पर उसका तत्काल निवारण संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों ने किया है।लोकसभा चुनाव में जिलें के कुछ हिस्सों में कम मतदान हुआ था।लेकिन विधानसभा चुनाव में स्वीप पथक के अधिक प्रयास व जनजागृति अभियान के कारण 9 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ।

## काव्याक्षरी का विमोचन एवं साहित्य सम्मान समारोह



**मुंबई.** मुंबई के जाने माने साहित्यकार कवि एवं कभीकवि मंच के संस्थापक अनिल मिश्र द्वारा संपादित पुस्तक 'काव्याक्षरी' (साझा काव्य-संग्रह) का विमोचन किया गया. हिंदी संस्थान लखनऊ में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कवि प्रियांशु गजेन्द्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में हास्य कवि विनोद पाण्डेय जी,जानी मानी कवयित्री विभा शुक्ला (वाराणसी) उपस्थित रहीं.

कार्यक्रम के सूत्रधार व आयोजक अनिल सुरेश मिश्र ने अतिथियों का स्वागत सम्मानपत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया. इस अवसर पर कभीकवि द्वारा कवियों को दिया जाने वाला काव्य रश्मि सम्मान, काव्यऋषि सम्मान एवं काव्य विभूति सम्मान प्रदान किया गया. काव्य पाठ के लिए प्रथम पुरष्कार आलोक मिश्र दीपक, द्वितीय पुरष्कार कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एवं तृतीय पुरस्कार शारिक क़मर एवं अन्य सात रचनाकारों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए. काव्याक्षरी पुस्तक का प्रकाशन मधुशाला प्रकाशन भरतपुर, राजस्थान द्वारा किया गया है.कार्यक्रम में देश विदेश से पधारे तमाम कवियों एवं साहित्यिक हस्तियों ने शिरकत की. अतिथियों ने कभीकवि मंच की सराहना करते हुए कहा कि यह मुंबई की यह राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था देश विदेश के कवियों एवं काव्यलेखन करने वालों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है. कभीकवि द्वारा संपादित साझा काव्य 'काव्याक्षरी' जो कि देश विदेश के 100 जाने माने कवियों की रचनाओं से सुसज्जित उत्कृष्ट पुस्तक है, जिसे पढ़कर किसी भी काव्य प्रेमी का हृदय प्रफुल्लित हो उठेगा. अतिथियों ने लखनऊ में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनिल मिश्र की सराहना की.

## वर्ली के पूनम चैंबर में लगी भीषण आग

**मुंबई.** दक्षिण मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार को एक व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लग गई. इस हादसे में सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई. वर्ली के आर्टिया मॉल के सामने पूनम चैंबर्स में रविवार की सुबह करीब 11.39 बजे आग लग गई. इससे इलाके में दहशत फैल गई. नीचे ग्राउंड फ्लोर पर डॉक्टर्स की ट्रेनिंग चल रही थी. आग राजश्री प्रोडक्शन स्टूडियो तक ही सीमित रही. धुएं के काल गुबार और आग की लपटें दूर से देखी जा सकती थी. पूरी बिल्डिंग में धुआं फैल गया था. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना स्थल पहुंची. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

## समीर वानखेड़े को बधाई देने पहुंचे कुमार मेंघवानी



**मुंबई.** प्रसिद्ध आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े के जन्मदिवस पर मुंबई स्थित उनके निवास स्थान पर उन्हें बधाई देने मुंबई व परिसर के जाने-माने लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे।

उल्हासनगर के प्रसिद्ध समाजसेवी कुमार मेंघवानी भी अपनी टीम के साथ उन्हें बधाई दी। समाजसेवकों ने श्री वानखेड़े के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सामाजिक सेवा और देशहित के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों पर भी चर्चा हुई। श्री वानखेड़े को बधाई देने दिनेश मीरचंदानी व शंकर सोनेजा भी कुमार मेंघवानी के साथ उपस्थित हुए।

## सिकल सेल जागरूकता अभियान संपन्न



- प्रयोगशाला विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों का मुफ्त रक्त परीक्षण

**भिवंडी.** अलिंगी गुणसूत्र पर दोषपूर्ण जीन के कारण होने वाली बीमारी को सिकल सेल के रूप में जाना जाता है.इस रोग में लाल रक्त कोशिकाएं दरांती के आकार की हो जाती हैं और कोशिकाओं की लोच कम हो जाती है.चूँकि यह जटिलताएँ पैदा करता है, इसलिए रक्त परीक्षण और आनुवंशिक परीक्षण करने के उद्देश्य से सार्वजनिक जागरूकता पैदा करना आवश्यक होता है.इंदिरा गांधी मेमोरियल उप जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. माधवी पंडारे के मार्गदर्शन में अस्पताल प्रयोगशाला विभाग द्वारा एक विशेष जन जागरूकता और रक्त परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. 0 से 40 वर्ष के आयु वर्ग के सभी मरीजों का रक्त परीक्षण महा लैब के माध्यम से किया गया. गर्भवती माताओं का इलेक्ट्रोफोरेसिस परीक्षण क्रास्ना डायग्नोस्टिक के माध्यम से मुफ्त किया गया. गर्भवती महिलाओं को प्रयोगशाला विभाग के वैज्ञानिक अधिकारी देवीदास शेटगे ने मार्गदर्शन करते हुए सिकल कहा कि, सेल की जांच करानी चाहिए.कार्यक्रम के दौरान रक्त जांच में स्वस्थ पाये गये लोगों को सफेद कार्ड दिये गये. जो मरीज़ पॉजिटिव पाए जाते हैं उनका रक्त एचबी इलेक्ट्रोफोरेसिस टेस्ट के लिए भेजा जाता है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेंद्र शिंदे ने कड़ी मेहनत की और अनिल वाघ ने सिकल सेल जांच के लिए रक्त का नमूना लिया.

## आम सूचना

हम श्री उमेश दासीराम जयस्वार व श्रीमती पुष्पा उमेश जयस्वार सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, ग्राऊंड + 1ला माला, 700 चौ.फुट, पंजाबी कालोनी, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीओ004912600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आशा रमेश आहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.8.2024 सी.नं. 1445 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री उमेश दासीराम जयस्वार व श्रीमती पुष्पा उमेश जयस्वार**

## आम सूचना

मैं श्री जगदीश गोपीचंद सावलाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 202, 2रा माला, अमित अपार्टमेंट, प्लाट नं. ए-33, रुम नं. 193, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12एआय015331700(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरेश मूलचंद टेकवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 18.8.1995 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश गोपीचंद सावलाणी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती इंदिरावती राधेश्याम यादव सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, 269 चौ.फुट, बैरक नं. 692 के पीछे, पोर्शन, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय017075400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अनिता सतेंद्र यादव और अन्य पांच जनों से रिलीज डीड दि. 9.12.2024 सी.नं. 247 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती इंदिरावती राधेश्याम यादव**

## आम सूचना

मैं श्री संदीप लालताप्रसाद चौहान सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 8, 300 चौ.फुट, बेसमेंट ऑफ मारुति शापिंग काम्पलेक्स, भारत सिनेमा के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 28बीआय005098400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती राधिका चंदन वाधवा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 18.11.2024 सी.नं. 2928 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संदीप लालताप्रसाद चौहान**

## महाक्रिटिकॉन क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

- ISCCM की पहल

**ठाणे.** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन ठाणे शाखा की ओर से डॉ.काशीनाथ घाणेकर ऑडिटोरियम एवं जुपिटर हॉस्पिटल में 12 वें महाक्रिटिकॉन क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. आईएससीसीएम के अध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र घावट, संगठन सचिव डॉ.विनीत रणवीर, कोषाध्यक्ष डॉ. सुपर्णा निरगुडकर, डॉ. कुलदीप दलाल, डॉ. जयप्रकाश पेडनेकर, डॉ. गौरी सरोज, डॉ. संतोष ठाकुर, डॉ. राहुल पांडेय, डॉ. भावेश नंदा,






डॉ. अमित खोमाने, डॉ. राजेन्द्र केसरवानी, डॉ. आलोक मोदी, डॉ अमित नारखेड़े, डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी के नेतृत्व में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में 1000 से अधिक विविध चिकित्सा शाखाओं की कार्यकारी समिति के साथ शहर के प्रमुख गहन चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया.

इसके पहले प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप में क्रिटिकल केयर नर्सिंग, मैकेनिकल वेंटिलेशन,आईसीयू में प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड, रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी, ऑब्स्टेट्रिक्स क्रिटिकल केयर, हेमोडायनामिक मॉनिटरिंग, सॉफ्ट स्किल्स और कम्युनिकेशन के बारे में व्यवहारिक चर्चा व जानकारी प्रदान की गई. अध्यक्ष डॉ रवींद्र घावट ने कहा कि इस वर्कशॉप के माध्यम से चिकित्सा समस्या आधारित दृष्टिकोण, वर्तमान में विश्व की ICU परिस्थिति, केस आधारित चर्चा एवं अत्याधुनिक तकनीक और शोध के साथ गंभीर बीमारियों वाले मरीजों पर ध्यान केंद्रित कर, नए तकनीक के साथ संवाद कर उनका हॉलिस्टिक ट्रिटमेंट करने में डॉक्टर सक्षम हो सकेंगे. कार्यक्रम में शोध निबन्ध,पोस्टर प्रस्तुतियां, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पुरस्कार दिए गए.विभिन्न सत्रों में वैचारिक वैज्ञानिक चर्चा पैनल चर्चा,वादविवाद एवं अन्य कार्यक्रमों का समावेश रहा. चार दिनों तक चले इस कार्यक्रम में शैक्षणिक चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किए गए. राज्य व देशभर के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन कर कार्यक्रम के उत्कृष्ट नियोजन के लिए आयोजकों की सराहना की.

## एक्टर्स से क्यों मिलते हैं प्रधानमंत्री?

### कंगना बोलीं- फिल्म इंडस्ट्री अनाथ है, इसे गाइडेंस की काफी जरूरत है

बॉलीवुड एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने हाल ही में पीएम मोदी के बॉलीवुड सेलेब्स से मिलने और इंडस्ट्री के लोगों से टच में रहने के बारे में बताया। इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा- मुझे लगता है कि हमारी जो फिल्म इंडस्ट्री है, उसे गाइडेंस की काफी जरूरत है। प्रधानमंत्री जी इंडस्ट्री के लोगों से मिलकर उन्हें गाइड करते हैं।

### इंडस्ट्री के लोगों को गाइडेंस चाहिए- कंगना

कंगना ने कहा मुझे लगता है कि फिल्म इंडस्ट्री एक सॉफ्ट पावर है और ये अंडरयूटिलाइज्ड है। हमारी इंडस्ट्री को और इससे जुड़े लोगों को गाइडेंस की काफी जरूरत है। मैं भी 20 सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा बनी हुई हूं। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री एकदम अनाथ



टाइप है, क्योंकि उसके पास गाइडेंस नहीं है।

कंगना रनोट ने आगे कहा, चाहे वो जिहादी एजेंडा हों, चाहे फिलिस्तीनी एजेंडा हों, कोई भी एक्टर-एक्ट्रेस उसके सपोर्ट में आ जाते हैं। उनको गाइडेंस की जरूरत है। उन्हें पता ही नहीं है कहां जाना है, किसको सपोर्ट करना है।

### 'पैसे देकर कोई भी उनसे कुछ भी बुलवा लेता है'

एक्ट्रेस ने कहा- 'किसी ने भी थोड़े पैसे दिए, और इंडस्ट्री के लोगों से कहीं भी कुछ भी बुलवा लिया। उनको दाऊद अपनी पार्टियों में ले जाता है, वह कई बार हवाला-ड्रग्स के निशाने में आ जाते हैं। ये काफी वल्नरेबल हैं।'




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099